(b) Details thereof being :

(i) Nagaland Paper/Pulp Mill	In the Public Sector.
(ii) Kerala Newsprint Mill	
(iii) Assam Pulp and Paper Mill	

Besides these capacities have also been approved in the Private Sector to set up mills for manufacturing pulp, paper and newsprint

वर्ष 1970 के अन्त तक राजस्थान को बिजली की सप्लाई

284 **श्री शिवनाथ सिंह** : क्या सिचाई और विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) राजस्थान को वर्ष 1970 के अन्त तक बिजली पैदा करने और सप्लाई करने के संबध मे विभिन्न योजनाओ मे क्या लक्ष्य निधारित किए गए थे और उपर्युक्त अवधि मे राजस्थान को वास्तव मे कुल कितनी बिजली उपलब्ध कराई गई है ;

(ख) क्या यह सच है कि राजस्थान को प्रस्तावित मात्रा मे बिजली उपलब्ध नही की गई थी ;

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण है, और

(घ) क्या केंद्रीय सरकार का विचार राजस्थान के पिछडे पन को ध्यान मे रखते हुए उसे अधिक बिजली सप्लाई करने का है ?

सिचाई और विद्युत् मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री बैजनाथ कुरील) : (क) और (ख). 1970-71 में राजस्थान में 11700 लाख यूनिट विद्युत् का उत्पादन हुआ है जबकि लक्ष्य 12850 लाख यूनिट का था ।

(ग) परमाणु विद्युत् केंद्र के चालू करने मे कुछ देरी हुई और भाखड़ा मे उत्पादन भी कम हुआ है ।

(घ) जी, हा । केंद्रीय सेक्टर मे राजस्थान परमाणु विद्युत् परियोजना के पूर्ण हो जाने से चालू योजना के अन्दर ही राजस्थान को अधिक बिजली उपलब्ध होने लगेगी ।

बिड़ला बन्धुओ को लाइसेंस देना

285 **श्री शिवनाथ सिंह** : क्या औद्योगिक विकास मत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि उद्योगो के नाम क्या है जिनकी स्थापना के लिये वर्ष 1969-70 तथा 1970-71 मे मेसर्स बिडला बन्धुओ को नये लाइसेंस जारी किये गये है और उनमे से उन उद्योगो के नाम क्या हैं जो वस्तुत: अब तक स्थापित किये जा चुके है ?

औद्योगिक विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री घनश्याम ओझा) 1 जनवरी, 1969 से 31 मार्च, 1971 की अवधि मे बिडला ब्रदर्स को एक भी औद्योगिक लाइसेंस नही दिया गया था, बिडला समूह से सबधित अथवा नियन्त्रित उद्योगो को उपर्युक्त अवधि मे 17 लाइसेस और 6 आशय पत्र जारी किये गये थे । उद्योगो के नामो के बारे मे जानकारी, जिसे उन्होंने वस्तुत स्थापित किया है, तत्काल उपलब्ध नही है ।

सिहना को डबला (खेतरी तांबा परियोजना) के साथ मिलाने वाली रेलवे लाइन

286 **श्री शिवनाथ सिंह** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेगे कि सरकार ने सिहना को डबला (खेतरी तांबा परियोजना) के साथ मिलाने वाली रेलवे लाइन को पूरा करने की क्या तिथि निर्धारित की है और वर्ष 1971-